website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 113 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### फ्यूल संकट में भारत का सहारा: भूटान ने जताया आभार

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब हिमालयी देश भूटान पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बढ़ती वैश्विक कीमतों के चलते वहां ईंधन महंगा हो गया है, जिससे आम जनता और अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे हालात में भूटान सरकार ने पेट्रोलियम उत्पाद (POL) और एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए भारत का आभार जताया है। प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग



तोबगे के कार्यालय ने 1 अप्रैल को बयान जारी कर कहा कि वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज उछाल सरकार के नियंत्रण से बाहर है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि गैर-जरूरी यात्रा से बचें और ईंधन की बचत करें। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के अंत से पेट्रोल की कीमतों में 60% से अधिक बढ़ोतरी हुई है। 65 न्गुलट्रम प्रति लीटर से बढ़कर यह 95 न्गुलट्रम तक पहुंच गई। हालांकि सरकार ने सब्सिडी के जरिए कीमतों को नियंत्रित करने की कोशिश की है और पेट्रोल-डीजल की दरें करीब 98 न्गुलट्रम प्रति लीटर तय की गई हैं। स्थिति को संभालने के लिए भूटान ने 21 मार्च 2026 को नेशनल फ्यूल प्राइस स्मूथनिंग फ्रेमवर्क लागू किया। इसके तहत सब्सिडी दी जा रही है, लेकिन सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ रहा है। इसलिए सरकारी एजेंसियों को ईंधन की खपत कम करने, वर्क फ्रॉम होम अपनाने और पैदल चलने जैसे उपायों के निर्देश दिए गए हैं। भूटान, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए भारत पर निर्भर है, ने इस संकट में निरंतर आपूर्ति बनाए रखने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया है।

### जनता दर्शन में सीएम योगी का भरोसा—'किसी का इलाज नहीं रुकेगा'

यूपी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान



उन्होंने स्पष्ट कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी भी जरूरतमंद का इलाज नहीं रुकेगा। जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब 100 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने हर व्यक्ति से प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक तरीके से किया जाए। आवास से जुड़ी समस्या लेकर आई एक महिला को मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उसे सरकारी योजना के तहत घर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए सीएम योगी ने विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज का अनुमान (इस्टीमेट) जल्द तैयार कराकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि इलाज में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से भी मुलाकात की और उन्हें चॉकलेट देकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा पर जोर देने की बात कही।

### बिहार में शराबबंदी पर अवध ओझा का बड़ा बयान, 'राजस्व जरूरी, लेकिन समाधान भी'



पटना। बिहार में शराबबंदी को लेकर सियासत एक बार फिर तेज हो गई है। इसी बीच मशहूर शिक्षक अवध ओझा ने इस मुद्दे पर संतुलित राय रखते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि शराब बिक्री से राजस्व तो आता है, लेकिन इसके सामाजिक असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। न्यूज़ एजेंसी से बातचीत में अवध ओझा ने कहा कि अगर राज्य में शराब बिक्री की अनुमति दी जाती है, तो साथ ही स्कूलों में ध्यान (मेडिटेशन) को अनिवार्य किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि तनाव, चिंता और अवसाद के कारण ही लोग नशे की ओर आकर्षित होते हैं। अगर बच्चों को शुरुआत से ही ध्यान की आदत डाली जाए, तो भविष्य में नशे की मांग खुद कम हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार जैसे राज्य के लिए एक्साइज से मिलने वाला राजस्व विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ यह खतरा भी है कि वर्किंग क्लास में नशे की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। इसलिए संतुलन बनाना जरूरी है। वहीं, नीतीश कुमार के शराबबंदी फैसले की तारीफ करते हुए ओझा ने कहा कि इससे खासकर महिलाओं को राहत मिली है। पहले मजदूर दिनभर की कमाई का बड़ा हिस्सा शराब में खर्च कर देते थे, जिससे परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को ऐसा विकल्प तैयार करना होगा जिससे समाज पर नकारात्मक असर न पड़े और विकास भी प्रभावित न हो।

## पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी की उच्चस्तरीय बैठक, जरूरी आपूर्ति और कीमतों पर खास फोकस

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 7, लोक कल्याण मार्ग पर सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की अहम बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में विभिन्न मंत्रालयों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई और वैश्विक संकट के बीच देश में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों को स्थिर बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का मुख्य फोकस आम जनता को राहत देने पर रहा। सरकार ने एलपीजी और एलएनजी जैसी जरूरी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने, ईंधन शुल्क में संभावित कटौती और बिजली क्षेत्र से जुड़े सुधारों की समीक्षा की। उद्देश्य यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का सीधा असर आम लोगों पर कम से कम पड़े। सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित



प्रदेशों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है और निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष भी बनाए गए हैं। कृषि क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। सरकार यूरिया उत्पादन बनाए रखने और डीएपी/एनपीकेएस जैसे उर्वरकों के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के साथ समन्वय बढ़ा रही है, ताकि किसानों को खरीफ और रबी सीजन में किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। ऊर्जा क्षेत्र में भी सरकार पूरी तरह सतर्क है। कोयले का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के साथ-साथ गर्मियों में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं। गैस आधारित बिजली संयंत्रों को राहत देने और कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। इसके अलावा, सरकार सप्लाई चेन, लॉजिस्टिक्स, नागर विमानन, शिपिंग और एमएसएमई क्षेत्रों में संभावित चुनौतियों पर नजर बनाए हुए है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अफवाहों पर रोक लगाने और सही समय पर सटीक जानकारी जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे समन्वय के साथ काम करते हुए इस वैश्विक संकट के प्रभाव से देशवासियों को हर संभव राहत प्रदान करें।

### पौधारोपण से शहीदों को श्रद्धांजलि, ईरान का संदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। मोजतबा खामेनेई ने ईरानी जनता से अपील की है कि वे अमेरिका-इज़राइल हमलों में मारे गए लोगों की याद में पौधे लगाएं। उन्होंने इसे आशा, समृद्धि और "दुश्मनों" के खिलाफ एक



प्रतीकात्मक जवाब बताया। यह संदेश ईरान की स्थापना की वर्षगांठ और सिज़दाह बेदार (नेचर डे) से पहले दिया गया। उन्होंने कहा कि हमलों में पर्यावरण को भी नुकसान हुआ है और लोगों से वसंत ऋतु के अंत तक पौधारोपण जारी रखने की अपील की। वहीं राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने स्पष्ट किया कि ईरानी जनता अमेरिकी लोगों की दुश्मन नहीं है, बल्कि विवाद सरकारों के बीच है। उन्होंने अमेरिका पर इज़राइल के समर्थन में "आक्रामक भूमिका" निभाने का आरोप लगाया और ऊर्जा ठिकानों पर हमले की धमकी को "युद्ध अपराध" बताया।

### भारत बना रहा वैश्विक डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब की मजबूत राह - राजनाथ सिंह



नई दिल्ली । राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत तेजी से वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने रक्षा उत्पादन विभाग, निर्यातकों और सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे बड़ी उपलब्धि बताया। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह पिछले वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये की तुलना में 14,802 करोड़ रुपये यानी 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (DPSU) का योगदान 54.84 प्रतिशत और निजी क्षेत्र का 45.16 प्रतिशत रहा है। पिछले पांच वर्षों में रक्षा निर्यात में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक क्षमता को दर्शाती है। सरकार द्वारा व्यापार को आसान बनाने, निर्यातकों को प्रोत्साहन देने और नई ऑनलाइन प्रणाली व सरल प्रक्रियाओं को लागू करने से रक्षा उद्योग को मजबूती मिली है। यह प्रगति भारत को विश्व के प्रमुख रक्षा निर्यातकों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा के डिप्टी लीडर पद से हटाया, अशोक मित्तल लेंगे जगह

*नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (AAP) ने अपने वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा को राज्यसभा के डिप्टी लीडर (उपनेता) के पद से हटा दिया है। उनकी जगह अब पंजाब से ही राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को इस संबंध में औपचारिक पत्र लिखकर जानकारी दे दी है। सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी मिली है कि पार्टी द्वारा लिखे गए इस पत्र में एक और सख्त निर्देश दिया गया है। पार्टी ने कहा है कि राघव चड्ढा को उच्च सदन में बोलने के लिए पार्टी के निर्धारित कोटे से समय न दिया जाए। वर्तमान में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के कुल 10 सांसद मौजूद हैं। इनमें से 7 सांसद पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि 3 सांसद दिल्ली से हैं। पिछले दिनों राघव चड्ढा की भाजपा से कथित नजदीकियां भी खूब चर्चा में रही हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने राघव चड्ढा के भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल होने की चल रही अटकलों पर विराम लगाया था। इन सभी कयासों को सिरे से खारिज करते हुए, संजय सिंह ने इन अफवाहों को पूरी तरह से निराधार बताया और कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ऐसी कोई संभावना है।*



**सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी के कारण उठीं अटकलें:-**

राघव चड्ढा के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को तब हवा मिली जब दिल्ली आबकारी नीति मामले में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद भी चड्ढा पार्टी कार्यालय, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया से नदारद रहे। इस बड़ी जीत पर उनकी तरफ से कोई खास प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। हालांकि, संजय सिंह ने यह स्वीकार किया कि पिछले कुछ महीनों में सार्वजनिक मंचों पर राघव चड्ढा की सक्रियता और उपस्थिति कम हुई है। 'इंडिया टुडे' से बात करते हुए संजय सिंह ने कहा कि राघव चड्ढा खुद इस बात का बेहतर जवाब दे सकते हैं कि उनकी सार्वजनिक भागीदारी में कमी क्यों आई है।

**राघव चड्ढा कौन हैं?**

राघव चड्ढा AAP के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और प्रवक्ता हैं। वे चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और 2022 में पंजाब से राज्यसभा सांसद चुने गए थे। वे राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में शुमार हैं। दिसंबर 2023 में, जब AAP सांसद संजय सिंह जेल में थे तब राघव चड्ढा को पार्टी का राज्यसभा लीडर नियुक्त किया गया था। उन्होंने संसद में कई मुद्दे उठाए, जैसे बच्चों की शिक्षा की बढ़ती लागत, कॉर्पोरेट फ्रॉड, 'राइट टू रिकॉल' (मतदाताओं को विधायकों/सांसदों को बीच में हटाने का अधिकार) आदि। हाल ही में वे पार्टी के कुछ मामलों में चुप्पी साधे हुए थे, जिस पर सवाल भी उठे थे।

**डॉ. अशोक कुमार मित्तल कौन हैं?**

डॉ. अशोक कुमार मित्तल पंजाब के जालंधर से ताल्लुक रखते हैं। वे लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) के फाउंडर चांसलर हैं। व्यवसायी से राजनेता बने मित्तल ने 2022 में ही पंजाब से AAP टिकट पर राज्यसभा का चुनाव जीता था। वे शिक्षा क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं और कानून की डिग्री गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से हासिल की है। वे AAP के सक्रिय सांसद रहे हैं और सदन में स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य मुद्दों पर अपनी बात रखते आए हैं।

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

***-जांच सीबीआई या एनआईए को सौंपने के निर्देश***

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल के एसआईआर मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराज़गी जताई है। अदालत ने न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ हुए धरने और घेराव की घटना को बेहद गंभीर बताया है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा कि उन्हें इस पूरे मामले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें घटना की विस्तृत जानकारी दी गई है। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने इस बात पर चिंता जताई कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए जाने के बावजूद वे घटनास्थल पर काफी देर से पहुंचे। उन्होंने इसे प्रशासन की बड़ी लापरवाही करार दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की कोशिश है बल्कि यह सीधे तौर पर न्यायपालिका को चुनौती देने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संबंधित न्यायिक अधिकारी अदालत के निर्देशों के अनुसार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। सीजेआई ने कहा कि यह



कोई सामान्य घटना नहीं लगती बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक सुनियोजित साजिश थी, जिसका उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चल रही प्रक्रिया में बाधा डालना था। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह इस घटना की जांच सीबीआई या एनआईए से कराएं। साथ ही, जांच एजेंसी को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सीधे सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा गया है। कोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य सचिव, डीजीपी, ज़िलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने इन सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 6 अप्रैल को शाम 4 बजे ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हों और यह स्पष्ट करें कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती से यह साफ संकेत मिल रहा है कि न्यायपालिका किसी भी तरह की लापरवाही या कानून व्यवस्था में बाधा को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### बंगाल में सियासी घमासान

## "आग से खेल रहे हैं चुनाव आयोग और बीजेपी", ममता बनर्जी का बड़ा हमला

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में आयोजित एक रैली के दौरान केंद्र सरकार और बीजेपी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मालदा की हालिया घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में हालात बिगाड़ने के पीछे एक "सुनियोजित साजिश" काम कर रही है। ममता बनर्जी ने सीधे तौर पर बीजेपी और इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों "आग से खेल रहे हैं"। उन्होंने आरोप लगाया कि एक अलग-थलग घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पूरे बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने राज्य प्रशासन में किए



गए तबादलों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अनुभवी अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को हटाकर उनकी जगह ऐसे केंद्रीय अधिकारियों को तैनात किया गया है, जिन्हें बंगाल की जमीनी हकीकत की समझ नहीं है। ममता बनर्जी ने इन अधिकारियों को "बाहरी" बताते हुए कहा कि वे स्थानीय परिस्थितियों को संभालने में सक्षम नहीं हैं, जिसके चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी इन घटनाओं का राजनीतिक फायदा उठाकर राज्य को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। इस दौरान ममता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी सीधा हमला बोला और कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था को कमजोर करने के लिए वे जिम्मेदार हैं। उन्होंने अमित शाह से तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि बंगाल की शांति के साथ राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैली के अंत में ममता बनर्जी ने चेतावनी दी कि बंगाल किसी भी "खतरनाक साजिश" को स्वीकार नहीं करेगा और राज्य की शांति और सम्मान की हर हाल में रक्षा की जाएगी।

## चुनावी राज्यों में BJP-निर्वाचन आयोग की मिलीभगत का आरोप, अखिलेश यादव का बड़ा हमला

लखनऊ, भाषा। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनावी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और निर्वाचन आयोग मिलकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि सपा इन कथित साजिशों का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मुद्दे को मजबूत करने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने बताया कि 2024 में पीडीए की आवाज को जनसमर्थन मिला था और अब पार्टी इसी आधार पर आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए पीडीए सरकार बनाने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने दावा किया कि जैसे ही अन्य राज्यों के चुनाव समाप्त होंगे, भाजपा की पूरी राजनीतिक मशीनरी उत्तर प्रदेश की ओर केंद्रित हो जाएगी। यादव ने आरोप लगाया कि जिन राज्यों में अभी चुनाव हो रहे हैं, वहां भाजपा और निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि "अच्छे दिन" का वादा पूरा नहीं हुआ और अब जनता को यह महसूस



हो गया है कि बदलाव का समय आ गया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए चुनाव के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को हटाए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि जब उत्तर प्रदेश में चुनाव हुए थे, तब सपा की शिकायतों के बावजूद इस तरह की कार्रवाई नहीं की गई। अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि कई अधिकारी भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और राजनीतिक दबाव के कारण कई अधिकारी खुद भी असंतुष्ट हैं। किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है। डीजल, पेट्रोल, खाद और बीज की बढ़ती कीमतों ने किसानों की स्थिति और कठिन बना दी है। दादरी में हाल ही में हुई सपा रैली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां मिले भारी समर्थन से सरकार की भाषा बदल गई है और भाजपा दबाव में नजर आ रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल सपा सरकार की परियोजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है। अंत में यादव ने तंज कसते हुए कहा कि राज्य में अवैध गतिविधियां बढ़ रही हैं और हालात ऐसे हो गए हैं कि इस पर ओटीटी प्लेटफॉर्म भी सीरीज बना सकते हैं।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### परस्पर निर्भर भारत और खाड़ी देश

संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के राष्ट्रपति रहे शेख जायद बिन मोहम्मद के निमंत्रण पर मई 1981 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस खाड़ी देश का दौरा किया था। करीब 45 वर्ष पहले हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने सहमति जताई थी कि खाड़ी क्षेत्र और भारत की सुरक्षा एवं कल्याण की कड़ियां आपस में जुड़ी हुई हैं। समय के साथ यह धारणा और मजबूत ही हुई कि दोनों क्षेत्रों की सुरक्षा और समग्र कल्याण परस्पर निर्भर हैं। एक ऐसे समय जब ईरान युद्ध के चलते समूचे क्षेत्र में अशांति बढ़ने से पूरे समीकरण बदल गए हैं तो यह विचार और प्रासंगिक हो गया है।

अरब प्रायद्वीप में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, यूएई और ओमान जैसे छह प्रमुख देश हैं। यहां दक्षिण एशियाई देशों की बड़ी प्रवासी जनसंख्या रहती है। इनमें से भी सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है, जिनकी तादाद नब्बे लाख से एक करोड़ के बीच है। पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों की संख्या भी पचास लाख से अधिक है। नेपाल और श्रीलंका के भी लाखों लोग यहां हैं। ये लोग इन देशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये लोग पेशेवर, कार्यकारी और प्रबंधकीय से लेकर अर्धकुशल और सामान्य श्रमिक जैसी भूमिकाओं में सक्रिय हैं। यह कहना एकदम सही होगा कि भले ही खाड़ी देशों में यूरोपीय प्रवासी भी रहते हों, लेकिन उनका काम दक्षिण एशियाई विशेष रूप से भारतीयों के बिना नहीं चल सकता।

काम से जुड़ा भारतीयों का कौशल और भरोसा उन्हें इन देशों में व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाता है। जितना खाड़ी के देशों को प्रवासियों की आवश्यकता है, उतनी ही उन्हें भी है, क्योंकि वे अपने देश को भारी मात्रा में धनराशि भेजते हैं। रेमिटेंस कही जाने वाली यह धनराशि इन देशों के वृहद आर्थिक स्थायित्व में संतुलन की भूमिका और बाहरी झटकों से बचाने में उपयोगी होती है। भारत के चालू खाते के लिए यह राशि बड़ा योगदान देती है, लेकिन मौजूदा हालात में पाकिस्तान के लिए यह अस्तित्व का संकट पैदा कर सकती है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही नाजुक बनी हुई है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित बांग्लादेश के लिए भी रेमिटेंस की अहमियत कहीं ज्यादा बढ़ गई है। वृहद आर्थिक स्थिरता के अलावा खाड़ी देशों में कार्यरत लोगों द्वारा भेजे जाने वाला रेमिटेंस उनके स्वजनों के लिए भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश परिवारों की योजनाएं इसी भेजी गई राशि के आधार पर टिकी होती हैं। उसके अभाव में उनके परिवारों का भविष्य अधर में भी लटक सकता है।

# संकल्प के साथ नक्सलवाद का अंत



सफलता
प्रमोद भार्गव

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सशक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है, इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है।' शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया है और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी, न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।' 'शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक बेखौफ फलता-फूलता रहा।



इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाए। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया।

इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों का पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं, इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही हैं। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं, लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो इन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

हनुमान जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज




## अतुलनीय बल के स्वामी और श्री राम के अनन्य उपासक

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव ने एकादशी रूद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। हनुमान निःस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये। अर्थात भगवान हनुमान मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो। तुलसीदास ने हनुमान को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। बाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे, तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया, जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा कि -हे राम, इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे, तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि - 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी'। सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान आध्यात्मिक विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं। हनुमान की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। वे मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं। हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ और ऊर्जा पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है, जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है। वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक हैं। वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था, जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान का प्रक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था, वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि उनके संकल्प की विजय थी। वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। जब ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान प्रथम बार प्रभु श्री राम से मिले तो उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके शास्त्र सम्मत संवाद किया। उनकी व्याकरण और शुद्ध उच्चारण से परिपूर्ण वाणी को सुनकर भगवान श्री राम भी चकित रह गए। किष्किंधा कांड में हनुमान के व्यक्तित्व की उत्कृष्टता लक्ष्मण को बताते हुए प्रभु राम कहते हैं कि - 'जिसने ऋग्वेद की शिक्षा न ली हो, यजुर्वेद का अभ्यास न किया हो। सामवेद का जिसे ज्ञान न हो, वह इतनी परिष्कृत भाषा में संवाद नहीं कर सकता।' निश्चय ही हनुमान ने संपूर्ण व्याकरण का अनेक बार स्वाध्याय किया है। इससे सिद्ध होता है कि हनुमान जी वाचस्पति थे। हनुमान की भक्ति अभय प्रदान करती है। मानसिक पटल पर विद्यमान भय, चिंता, रोग, कष्ट को दूर करके मंगल प्रदान करने वाली कही गई है।



(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- मदन जोशी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा खामियाजा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू



ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।

## ऑफ बीट

### जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा



जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म' की महत्वपूर्ण बैठक

## -प्रदेश के 17 लाख से अधिक युवाओं ने कराया प्लेटफॉर्म पर पंजीयन- भजनलाल शर्मा

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे अहम है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि युवाओं की ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग किया जाए। माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म देश की इसी युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर राजस्थान में 17 लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उनकी प्रतिभा को अवसर देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म के तहत प्रदेश में हो रही गतिविधियों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में माय भारत की गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृति की रोकथाम के लिए नशा मुक्ति की दिशा में भी गतिविधियां संचालित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। युवाओं को पर्यटन, सोलर, पेट्रोकेमिकल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए यह प्लेटफॉर्म बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही, इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध डेटा से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान का युवा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित



करते हुए नशा मुक्ति, फिटनेस और सामाजिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से 'फिट राजस्थान, हिट राजस्थान' के विजन को हर गांव और शहर तक पहुंचाया जाए।

**योजनाओं से युवा और महिलाएं हो रही सशक्त**

शर्मा ने कहा कि राजस्थान युवा नीति-2026 के माध्यम से प्रदेश सरकार ने युवाओं के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है, ताकि उद्यमिता को बढ़ावा मिले और युवा रोजगार प्रदाता भी बने। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मा वाउचर योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है।

**भर्ती परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध रूप से आयोजित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पेपरलीक और भ्रष्टाचार जैसी घटनाओं से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ। अब भर्ती परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध रूप से आयोजित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरी के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया जा चुका है।

**युवाओं को सरकार से जोड़ने का सशक्त डिजिटल माध्यम**

बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से केन्द्र सरकार के अधिकारियों ने बताया कि माय भारत प्लेटफॉर्म युवाओं को सरकार से सीधे जोड़ने का सशक्त डिजिटल माध्यम है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, विकसित भारत युवा कनेक्ट, विकसित भारत पद यात्राएं, नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत, यंग प्रोफेशनल राउंडटेबल और माय भारत बजट क्वेस्ट जैसे विभिन्न कैम्पेन और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवा अधिक से अधिक जुड़ रहे हैं, जिससे विकसित भारत के विजन को गति मिली है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश से बने विकसित भारत यंग लीडर्स से संवाद भी किया। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित केन्द्र व राज्य सरकार के अधिकारीगण एवं यंग लीडर्स उपस्थित रहे।

# हज यात्री को टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा- राज्य हज कमेटी

## -जिला स्वास्थ्य केंद्रों पर हो रही है जांच, यात्रियों से समय पर प्रक्रिया पूरी करने की अपील

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हज-2026 पर जाने वाले राजस्थान के हज यात्रियों के लिए टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया है। राज्य हज कमेटी की अधीक्षक अधिकारी अबु सुफ़ियान चौहान ने बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार निजी टूर ऑपरेटरों के माध्यम से जाने वाले यात्रियों पर भी यह व्यवस्था समान रूप से लागू होगी। उन्होंने बताया कि हज यात्रियों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जिला स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके लिए यात्रियों को अपने पासपोर्ट, हज यात्रा से संबंधित दस्तावेज, स्वास्थ्य जांच प्रमाण पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र साथ लेकर निर्धारित केंद्र पर उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सभी यात्रियों के लिए आवश्यक है। किसी प्रकार की समस्या या असुविधा होने पर संबंधित मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# जयपुर में पर्यटन हुआ और सुरक्षित, पुलिस लॉन्च करेगी 'Pink Guard App'

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अब पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस 'Pink Guard App' लॉन्च करने जा रही है। यह ऐप अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक शुरू होने की उम्मीद है, जिसके बाद देशी और विदेशी पर्यटकों को शहर घूमने में अधिक सुरक्षा और सहूलियत मिलेगी। इस ऐप के जरिए पर्यटकों को जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, उनके मार्ग और रीयल-टाइम ट्रैफिक की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में पर्यटक सीधे पुलिस से संपर्क कर सकेंगे। खास बात यह है कि ऐप के माध्यम से पर्यटकों की लोकेशन भी तुरंत पुलिस तक पहुंच जाएगी, जिससे त्वरित सहायता संभव हो पाएगी। 'Pink Guard App' पर्यटकों को सुरक्षित और पारदर्शी अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।



इसमें रजिस्टर्ड गाइड्स की सूची और उनकी निर्धारित फीस भी उपलब्ध होगी, जिससे पर्यटक ठगी से बच सकेंगे और भरोसेमंद गाइड का चयन कर पाएंगे। इसके अलावा, यदि कोई गाइड अभद्र व्यवहार करता है या तय शुल्क से अधिक वसूली करता है, तो पर्यटक ऐप के माध्यम से उसकी गोपनीय शिकायत दर्ज कर सकेंगे। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित गाइड के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उसे सूची से हटा दिया जाएगा। इस ऐप का संचालन पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर अभय कमांड सेंटर से किया जाएगा, जहां से पूरे सिस्टम की निगरानी की जाएगी। इस पहल से जयपुर में पर्यटन को सुरक्षित, व्यवस्थित और पर्यटक-हितैषी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# संदेश नायक ने संभाला जयपुर जिला कलक्टर का पदभार

## -सुशासन, पारदर्शिता और जनकेन्द्रित प्रशासन को दी प्राथमिकता

जयपुर । जिला कलक्टर संदेश नायक ने गुरुवार को जयपुर जिला कलक्टर का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट में एक गरिमामय वातावरण में पदभार ग्रहण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। पदभार संभालने के पश्चात संदेश नायक ने कहा कि जयपुर जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन की समर्पित टीम के सहयोग से राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि उसे धरातल पर उतारना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। इसी क्रम में जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुखी बनाया जाएगा, ताकि प्रत्येक परिवेदना का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन के साथ संवाद को प्राथमिकता दें और



संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करें। नायक ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देकर पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता में वृद्धि की जाएगी। ई-फाइल प्रणाली सहित विभिन्न आईटी आधारित व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में गति आएगी और अनावश्यक विलंब को रोका जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट्स के माध्यम से योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। साथ ही, नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए जिले को विकास और सुशासन के नए आयामों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नायक ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की प्रारंभिक समीक्षा की और आपसी समन्वय, टीम भावना तथा परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्रीमती विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संदेश नायक इससे पूर्व सिरोही, भरतपुर एवं चूरू जिलों में जिला कलक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# एसकेएन कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में सरसों की फसल में स्क्लेरोटिनिया रोग प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान

जोबनेर (रॉयल पत्रिका) । श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय: पादप रोग विज्ञान विभाग द्वारा किसानों और विद्यार्थियों के लिए विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पंकज शर्मा, संयुक्त निदेशक, स्कूल ऑफ क्रॉप हेल्थ बायोलॉजी रिसर्च, आईसीएआर–नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर बायोटिक स्ट्रेस मैनेजमेंट, रायपुर उपस्थित रहे। उनका स्वागत डॉ. शैलेश गोदीका, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष पादप रोग विज्ञान विभाग ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। मुख्य वक्ता डॉ. पंकज शर्मा ने "ब्रैसिका फसलों में स्क्लेरोटिनिया रॉट के प्रबंधन में अनुसंधान प्रगति" विषय पर किसानों और विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रोग सरसों और अन्य ब्रैसिका फसलों में तना सड़न उत्पन्न कर भारी उपज हानि का कारण



बनता है। उन्होंने समेकित रोग प्रबंधन (IPM) अपनाने, उचित फसल चक्र, संतुलित उर्वरक, जल निकासी, रोग मुक्त बीज और जैविक–रासायनिक नियंत्रण उपायों का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में लगभग 60 स्नातकोत्तर विद्यार्थी और स्थानीय किसान उपस्थित रहे। किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और रोग प्रबंधन से संबंधित सवाल पूछे। डॉ. शैलेश गोदीका ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस व्याख्यान से छात्रों को प्राप्त जानकारी किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी। कार्यक्रम में डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. शशिकांत गोयल, डॉ. शंकर लाल शर्मा, डॉ. मनोहर राम, डॉ. कैलाश मेघवाल और डॉ. आनंद कुमार मीणा भी उपस्थित रहे। संचालन पिंकी शर्मा द्वारा किया गया।

# वासुदेव देवनानी ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रियों से की मुलाकात

## -रेल सेवाओं का होगा विस्तार, नई ट्रेनों के संचालन की मांग

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट कर अजमेर के समग्र एवं बहुआयामी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रियों से आईटी पार्क के विकास तथा मध्य पूर्व के देशों में नौकरी कर रहे अजमेर के लोगों की सुरक्षा को लेकर आग्रह किया। केन्द्रीय मंत्रियों ने आश्वासन दिलाया कि इस दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। अजमेर में आईटी पार्क में निवेश के लिए बड़ी कम्पनियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्य पूर्व में काम करने वाले अजमेर समेत देश के प्रत्येक क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। देवनानी ने केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात कर अजमेर में आईटी पार्क स्थापना, पासपोर्ट सेवाओं के उन्नयन, रेलवे अवसंरचना विस्तार सहित विभिन्न जनहितकारी विषयों पर प्रस्ताव प्रस्तुत किए। अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान देवनानी ने अजमेर में प्रस्तावित आईटी पार्क को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस पर वैष्णव ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि आईटी पार्क के लिए अनेक बड़ी कंपनियों के अजमेर आने की संभावना है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे तथा क्षेत्र में तकनीकी एवं औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। वैष्णव ने कहा कि बड़ी कम्पनियों को अजमेर के आईटी पार्क में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट के दौरान देवनानी ने अजमेर रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान महत्व को रेखांकित करते हुए यहां वंदे भारत ट्रेनों के कोच निर्माण कारखाने की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि अजमेर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे का प्रमुख एवं ऐतिहासिक मुख्यालय रहा है। जहां पहले बड़े स्तर पर कैरिज एवं लोको वर्कशॉप संचालित होती रही है और वर्तमान में भी मरम्मत,



रखरखाव एवं नवीनीकरण कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं। ऐसे में यहां कोच निर्माण इकाई स्थापित होने से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। देवनानी ने अजमेर से नई ट्रेनों के संचालन की मांग भी रखी। इसमें उदयपुर-जयपुर वाया अजमेर वंदे भारत ट्रेन का पुनः संचालन, अजमेर-मैसूर ट्रेन को दैनिक करने, अजमेर-जोधपुर के बीच प्रातःकालीन इंटरसिटी सेवा प्रारंभ करने तथा अजमेर-चेन्नई के लिए साप्ताहिक ट्रेन शुरू करने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अजमेर स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 150 ट्रेनों का आवागमन होता है और करीब 50 हजार यात्री यहां से यात्रा करते हैं। ऐसे में नई रेल सेवाओं की शुरुआत अत्यंत आवश्यक है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ बैठक में देवनानी ने अजमेर स्थित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को पूर्ण विकसित स्वतंत्र पासपोर्ट कार्यालय में उन्नत करने की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण अजमेर में प्रतिवर्ष देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां के अनेक नागरिक एवं उनके परिजन विदेशों में निवास करते हैं। इससे पासपोर्ट सेवाओं की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अजमेर स्वतंत्रता पूर्व एक प्रतिष्ठित केन्द्र शासित प्रदेश रहा है तथा यहां राजस्व मंडल एवं लोक सेवा आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। प्रशासनिक दृष्टि से यहां पूर्ण विकसित पासपोर्ट कार्यालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त उन्होंने खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा एवं सुरक्षित वापसी के संबंध में भी विदेश मंत्री से चर्चा की।

# आमजन के आशियाने का सपना साकार करना रहेगी प्राथमिकता —आवासन आयुक्त

## - राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त अरविंद पोसवाल ने संभाला पदभार

जयपुर । आमजन के आशियाने के सपने को साकार करना आवासन मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह कहना है आवासन आयुक्त अरविंद पोसवाल का। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरविंद पोसवाल ने गुरुवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन में आयुक्त का कार्यभार संभाला। उन्होंने मुख्यालय पर पदस्थापित अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक लेकर चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी भी ली। पोसवाल ने मंडल टीम द्वारा पिछले वर्षों में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए बधाई दी और इस गति को निरंतर बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि आवासन मंडल ने गुणवत्तायुक्त और



समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए आमजन का विश्वास पाया है। सभी अधिकारिगण इस विश्वास को बरकरार रखें। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ काम करते हुए ही हम आवासन मंडल की हमारा प्रयास-सबको आवास थीम को मजबूत करते हुए आमजन को सुविधा संपन्न और गुणवत्ता युक्त आवास उपलब्ध करा सकते हैं। आवासन आयुक्त को इससे पूर्व संबंधित अधिकारियों ने प्रदेश और जयपुर में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विलंब से चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से योजना बनाकर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। साथ ही आवासन आयुक्त ने गुरुवार को ही आवास भवन का निरीक्षण किया एवं मुख्यालय के विभिन्न शाखाओं और प्रकोष्ठों में कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इससे पूर्व सचिव गोपाल सिंह ने आयुक्त को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य संपदा अधिकारी अशोक कुमार, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, तेजवीर सिंह मीणा, प्रतीक श्रीवास्तव सहित अतिरिक्त मुख्य अभियंता और आवासीय अभियंता स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।



शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग कृष्ण कुणाल द्वारा राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं की प्रगति, उनके जमीनी स्तर पर प्रभाव एवं क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। सचिव महोदय ने विभाग की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझते हुए योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों एवं सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया, जिससे लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में योजनाओं के प्रभावी मॉनिटरिंग, समन्वय एवं नवाचारों को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। यह बैठक विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा राज्य में समावेशी एवं सतत ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# माइंस विभाग ने 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10394 करोड़ से अधिक का राजस्व संग्रहण कर रचा नया इतिहास-एसीएस माइंस

## -गत वित्तीय वर्ष से 1163.73 करोड़ रूपये अधिक राजस्व जमा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन में राजस्थान के माइनिंग सेक्टर ने 13 प्रतिशत विकास दर के साथ राजस्व अर्जन का नया इतिहास रच दिया है। माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अपर्णा अरोरा ने बताया कि आरंभिक सूचनाओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में खान विभाग ने 10 हजार 394 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया है। वर्ष 2025-26 में राज्य के माइनिंग सेक्टर में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राज्य के खान विभाग की राजस्व अर्जन की यह उपलब्धि अपने आप में महत्वपूर्ण हो जाती है। गौरतलब है कि माइंस विभाग भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं के पोर्ट पोर्टफोलियों में है और नियमित समीक्षा के माध्यम से माइनिंग सेक्टर को लगातार नई दिशा दे रहे हैं। एसीएस माइंस एवं पेट्रोलियम ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पूर्व के वित्तीय वर्ष की तुलना में 1163 करोड़ 73 लाख रूपये अधिक राजस्व जमा हुआ है। 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व संग्रहण का आंकड़ा पहली बार माइनिंग सेक्टर ने पार किया है। इसी तरह से मार्च के माह में पहली बार 1506 करोड़ रूपये से



अधिक राजस्व जमा हुआ है, यह अब तक का किसी एक माह के राजस्व संग्रहण में भी सर्वाधिक है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग की यह उपलब्धि नियमित मॉनिटरिंग, संभावित राजस्व अर्जन के क्षेत्रों पर फोकस, समन्वित प्रयासों व टीम भावना से संभव हो पाई है। उन्होंने इसके लिए विभाग के उच्च स्तर से फील्ड स्तर तक के सभी अधिकारियों व कार्मिकों की पीठ थपथपाते हुए बधाई दी है। श्रीमती अपर्णा अरोरा ने बताया कि वर्ष 2021-22 में माइंस विभाग का सालाना राजस्व अर्जन 6394.89 करोड़, अगले वर्ष 7213.14 करोड़, इसके अगले वर्ष 7438.92 करोड़ और इसके बाद गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9228.21 करोड़ रूपये रहा। लक्ष्यों के विरूद्ध सर्वाधिक प्रतिशत उपलब्धि एमई जैसलमेर वेदप्रकाश ने अर्जित की है जो 208.99 रही। लक्ष्यों के विरूद्ध सौ प्रतिशत से अधिक राजस्व संग्रहण करने वालों में एमई नागौर जयप्रकाश गोदारा, एमई करौली पुष्पेन्द्र सिंह मीणा, एएमई सलूंबर गोविन्द्र सिंह मीणा, एमई बूंदी सहदेव सहारण, एएमई सावर मनोज तंवर, एएमई कोटपूतली अमीचंद दुहरिया, एएमई चूरू नौरंग लाल, एमई जोधपुर भगवान सिंह शामिल है। श्रीमती अरोरा ने बताया कि माइंस विभाग का यह रेकार्ड इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस वित्तीय वर्ष में अपरिहार्य कारणों से ऑक्शन व खनन गतिविधियों के प्रभावित होने सहित कई विपरीत हालात के बावजूद नियमित मोनेटरिंग और राजस्व अर्जन के संभावित क्षेत्रों पर वसूली के प्रयासों से यह परिणाम प्राप्त हो सके हैं।

# मौलाना आजाद स्कूल झारिया में प्रतिभा सम्मान समारोह

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती गांव झारिया में मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। स्कूल में, 2026 बोर्ड परीक्षा में, अच्छी मेरिट लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हाजी याकूब थीम, विशिष्ट अतिथि शौकत अली खान झारिया, नजीर मोहम्मद खान रिटायर्ड प्रिन्सिपल, आवेश कुरैशी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नूर मोहम्मद खान रिटायर्ड आबकारी अधिकारी ने की। कक्षा 10 में सुफियाना पुत्री मुख्त्यार खान ने 84% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। 75% अंको के साथ



मोहम्मद अशरफ पुत्र मोहम्मद आरिफ कुरेशी ने दुसरा स्थान प्राप्त किया व अजीज पुत्र असलम खान ने 75% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। मोहम्मद साहिल पुत्र आबिद कुरेशी, नाजिया पुत्री मजीद खान, रोनक पुत्री आमिन खान, अदनान पुत्र मो. हूसेन, समरीन पुत्री मरहूम साजिद अली, अयान पुत्र मोहम्मद आरिफ अली, मुस्कान पुत्री खान मोहम्मद, नफिसा पुत्री मोहम्मद लतीफ ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम में गांव के निम्न गणमान्य जन उपस्थित रहे। हिदायत खान, डॉ. भँवर खान, इनायत खान, एन के झारिया, याकूब खान आलमान, नजीर खान मुनियाण, मोहम्मद रफीक कुरैशी, लतीफ कुरैशी, इब्राहीम खान, उस्मान खान, इमाम मौलाना अब्दुल वाहिद, हाजी शरीफ कुरैशी, इशहाक खान, हाजी अल्लाउद्दीन कुरैशी, असलम खान मुनयाण व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। हाजी शौकत अली खान झारिया ने संबोधित करते हुए बच्चों से कहा कि अगले वर्ष इसी जगह फिर मिलेंगे और जो बच्ची/बच्चा 90% +अंक प्राप्त करेगा उसको स्कूटी प्रदान की जायेगी। स्कूल के डायरेक्टर दिलशाद खान ने कहा आज का परिणाम हमारी मेहनत का प्रतिबिंब है सफल होने वाले बच्चों को बधाई लेकिन जो पीछे रह गई वह निराश ना हो याद रखें एक मार्कशीट और मोमेंटो ही आपका भविष्य तय नहीं करता असली विजेता वही है जो गलतियों से सीख कर फिर से खड़ा हो कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी है निरंतर प्रयास करते रहे जीत आपकी होगी। और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं आए हुए अतिथि गण एवं अभिभावक को छात्र-छात्राओं ओर स्कूल स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूं। और विश्वास दिलाता हूं कि हम बच्चों का भविष्य संवारने के लिए, और अच्छे इन्तेज़ामात करेंगे।

# अंजुमन कमेटी ओर ट्रक यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से पदयात्रा का किया भव्य स्वागत

बारां (रॉयल पत्रिका) । शहर में गुरुवार को हनुमान जयंती के उपलक्ष में निकली पदयात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। मांगरोल रोड़ पठान हाउस पहुंचने पर दी पब्लिक कैरियर ट्रक ऑनर्स संस्थान बारां ओर अंजुमन कमेटी बारां के संयुक्त रूप से अंजुमन सदर ओर ट्रक यूनियन के जनरल सेकेट्री मन्नू पठान के नेतृत्व में फूल बरसाकर, ठंडा पानी ओर लस्सी पिलाकर स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान यात्रा में उपस्थित पूर्व मंत्री व अंता विधायक प्रमोद जैन भाया, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल सहित बड़ी संख्या में पैदल चल रहे पदयात्री आत्मीयता से मिले। इस



दौरान दी पब्लिक कैरियर ट्रक ऑनर्स संस्थान के अध्यक्ष श्याम कुमार बंसल, उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार यादव, बोर्ड इंचार्ज कल्लू अली, पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अदलक्खा, पार्षद जाकिर खान, पार्षद परवेज खान, कलाम खान, अफसर अली चिश्ती, मुस्तूफ़ा खान अंता, मल्लू भाई अंता, अकील पठान बारां, वहीद भाई, फहीम पठान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बारां में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य पदयात्रा, कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ ने किया स्वागत

बारां (रॉयल पत्रिका)। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित 10वीं विशाल धार्मिक पदयात्रा का शहर में भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। मेला ग्राउंड, मांगरोल रोड पर कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ द्वारा पदयात्रियों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया, कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी के नेतृत्व में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान अंता विधायक प्रमोद जैन भाया, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज सहित अनेक नेता पदयात्रा में शामिल हुए।



कार्यक्रम में अंता पूर्व चेयरमैन मुस्तफा खान, डीसीसी उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी, अशरफ देशवाली, बुलंद इकबाल, मल्लू भाई अंता, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी, प्रदेश समन्वयक नासिर मिर्जा, पूर्व प्रदेश सचिव रईस फेजी, अब्दुल अज़ीज अंसारी, पूर्व पार्षद नियाज मोहम्मद, निसार अहमद फोटोग्राफर, सलमान खान, फरीद नॉटी, पप्पू भाई, बृजमोहन सुमन, दिलीप सुमन, शिवम पांचाल एवं लियाकत अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। अंत में कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की ओर से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# नवपदस्थापित जिला कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने कार्यभार ग्रहण किया

## -निर्वतमान कलक्टर एलएन मंत्री को दी विदाई




**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिले के नवनियुक्त जिला कलक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी ने गुरूवार को निर्वतमान जिला कलक्टर एलएन मंत्री से कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर मंत्री ने उन्हें शुभकामनायें दी। नवपदस्थापित कलक्टर ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप योजनाओं व विकास को गति देगें व विभिन्न फलैगशिप योजनाओं में आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करेगें। इस अवसर पर वे जिले के विभिन्न अधिकारियों से मिले और जिले के बारे में जानकारी ली। इससे पहले नव नियुक्त जिला कलक्टर गोस्वामी का आगमन पर अधिकारियों व कार्मिको ने स्वागत किया। इसके बाद निर्वतमान जिला कलक्टर एलएन मंत्री को समस्त जिला कलक्टर कार्यालय के अधिकारियों व कार्मिको ने विदाई समारोह में उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर एलएन मंत्री ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुये कहा कि टीम पाली के रूप में कार्य करते हुये हमने कठिन से कठिन कार्य व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये भरसक मेहनत की और टीम के रूप में कार्य कर जिले को आगे बढाने का प्रयास किया। आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी ने एलएन मंत्री के कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उनका मार्ग दर्शन सदैव हमें प्राप्त होता रहेगा उन्होंने कहा कि नर को नारायण मानकर सेवा कार्य करेंगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह ने एलएन मंत्री के कार्यकाल के अनुभव साझा किये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रभा, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, सीईओ मुकेश चौधरी, एसीईओ महेन्द्र मेहता, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दरगाह फतेहपुर आफ़ताबे शेखावाटी के 160 वें वार्षिक उर्स का आगाज़

फतेहपुर (रॉयल पत्रिका)। कस्बे में धार्मिक सौहार्द व गंगा जमुनी तहजीब की प्रतीक ऐतिहासिक दरगाह आफ़ताबे शेखावाटी हज़रत ख़्वाजा हाजी मुहम्मद नजमुद्दीन साहिब सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी रहमतुल्लाह अलयह में आगामी 160 वें सालाना उर्स मुबारक का आग़ाज़ आज शाम 6 बजे झण्डे की रस्म के साथ हुआ जिसमें असर की नमाज़ के बाद दरगाह के सज्जादानशीन व मुतवल्ली हुज़ूर नसीरे मिल्लत हज़रत पीर ग़ुलाम नसीर साहिब नजमी सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी ने दरगाह के बुलंद दरवाजे पर ध्वजारोहण कर उर्स का विधिवत आरम्भ किया। देर रात दरगाह शरीफ में ग़ुस्ल की रस्म अदा की गई जिसमें मुख्य



मज़ार को गुलाबजल और केवड़े से ग़ुस्ल दिया गया और संदल चढ़ाया गया। इस के साथ ही दरगाह में बाहरी जायरीनों का आना शुरू हो गया है और मेले में दुकानों और झूलों का सजना भी शुरू हो गया। दिनांक 2 और 3 अप्रैल को पूर्व सज्जादानशीन व मुतवल्ली हज़रत पीर नूरुल हसन साहिब का उर्स मनाया जाएगा। 5 अप्रैल को नजमुल औलिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा जिसमें बीजापुर कर्नाटक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इस्लामिक स्कॉलर पीर सय्यद तनवीर हाशमी साहब प्रवचन देंगे। उनके साथ अंतरराष्ट्रीय नात ख्वां शब्बीर बरकाती साहब भी अपने कलाम पेश करेंगे। शहज़ादा ए हुज़ूर नसीरे मिल्लत पीर गुलामे नजम साहब का भी बयान होगा। 7 अप्रैल को क़दीमी शाही चादर का जुलूस शाही लवाज़िमात और गाजे बाजे के साथ दोपहर 2 बजे मोहल्ला चेजारान से रवाना हो कर शाम 7 बजे दरगाह शरीफ पहुँचेगा। 8 अप्रैल को कुल की रस्म के साथ उर्स का विधिवत समापन होगा।

# दुल्हापुरा का लाल बना जयपुर में मिसाल नमो नारायण अवस्थी ने जीता पिंक सिटी प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष पद

## -गांव की मिट्टी से उठी मेहनत की चमक, जयपुर तक गूंजा महवा का नाम

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड के दुल्हापुरा गांव से निकलकर एक साधारण किसान परिवार के बेटे नमो नारायण अवस्थी ने अपनी मेहनत और लगन से जयपुर में नया मुकाम हासिल किया है। पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर के वार्षिक चुनाव में उन्होंने कोषाध्यक्ष पद पर शानदार विजय प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे महवा क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक जीत की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, पत्रकारों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सोशल मीडिया पर बधाइयों की झड़ी लग गई, जहां विधायक राजेंद्र मीणा, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला, राजू भारद्वाज, पत्रकार अवधेश



अवस्थी, गोविंद शर्मा तथा युवा पत्रकार छोटू कुमार सैनी सहित क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधुओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रेरणा बनी उपलब्धि एक किसान परिवार से निकलकर इतनी बड़ी संस्था में महत्वपूर्ण पद हासिल करना नमो नारायण अवस्थी की कड़ी मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम है। उनकी यह सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है। कुल मिलाकर, यह जीत दुल्हापुरा ही नहीं बल्कि पूरे महवा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है, जिसने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# बी.एल.ओ को सौपी मतदाता सूची चेक लिस्ट



पाली (रॉयल पत्रिका)। नगर निकाय चुनाव तैयारियो को लेकर गुरूवार को पंचायत समिति सभागार में सुपरवाईजर एवं बूथ लेवल अधिकारियो की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि आगामी दिनो मे सम्पन्न होने वाले निकाय चुनाव के तहत बूथ लेवल अधिकारियो मतदाता सूची की चेक लिस्ट वितरण की गई। जिनका वे अपने मतदान क्षैत्र मे पठन कर त्रुटियो का निवारण एवं वेरिफाई कर पुन: निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मे जमा करवाएगें । जिससे कि 13 अप्रेल को ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस मौके पर ललित कुमार दवे, अनिल नामा, रमेश अणकिया, सुरेश व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार,राजेश कुमार सैन, लोकेश दवे, मनोज कुमार रांगी,पारसराम,सुरेश चौधरी, संजय चौधरी, अनिता पारीक, भगवान दास बाबानी, संजय भटनागर,धर्मेन्द्र सोलंकी, रामलाल, नेमीचंद,प्रवीण कुमार, मोहित माथुर आदि मौजूद रहे।

# नोबल्स स्कूल एंड क्लासेज के स्टूडेंट्स ने बढ़ाया संस्थान का मान

## -दसवीं बोर्ड परीक्षा के बाद 12वीं बोर्ड में भी परिणाम रहा शत प्रतिशत

बारां (रॉयल पत्रिका)। हाल ही में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रखकर नोबल्स स्कूल एंड क्लासेज के छात्र - छात्राओं ने संस्थान का मान बढ़ाया था। मंगलवार को जारी 12वीं बोर्ड कक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। स्कूल के संचालक अब्दुल मतीन ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में पहले नम्बर पर छात्रा ऐशल अंसारी 89.60 प्रतिशत, फलक मेहताब 85.80 प्रतिशत, मोहम्मद अनस 81.80 प्रतिशत, तस्मिया 81.80 प्रतिशत सहित कई स्टूडेंट्स ने अच्छे नंबर हासिल किए। स्कूल के हेड मास्टर इस्लामुद्दीन अंसारी उर्फ ने बताया कि अध्यापकों के कठिन परिश्रम, छात्र छात्राओं से बेहतर



संवाद ओर स्कूल के सिस्टेमेटिक मैनेजमेंट की वजह से बच्चों को बेहतर माहौल मिला जिसकी बदौलत पिछले कई सालों की तरह इस साल भी नोबल्स स्कूल एंड क्लासेज के स्टूडेंट्स ने बेहतर परिणाम दिया है। परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् स्कूल परिसर में सभी छात्र - छात्राओं का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर इस्तकबाल किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य इस्लामुद्दीन अंसारी, मौलाना सलमान, अब्दुल रशीद, सद्दाम अंसारी, मास्टर वसीम मोहम्मद कामिल, शाहिद हुसैन, सोहेल अहमद, शेर बानो, आलिमा रुखसार, मुस्कान मैडम आदि मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस के संविधान लीडरशिप प्रोग्राम में चूरू के एडवोकेट सद्दाम हुसैन को बड़ी जिम्मेदारी राजस्थान के 10 जिलों का बनाया प्रभारी

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित "संविधान लीडरशिप प्रोग्राम" के तहत चूरू निवासी एडवोकेट सद्दाम हुसैन को राजस्थान के दस जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र के पांचवें स्तंभ के रूप में संवैधानिक मूल्यों पर आधारित डिजिटल नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करना है। संगठन ने इस पहल के माध्यम से युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक करने और उन्हें सक्रिय नेतृत्व के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। एडवोकेट सद्दाम हुसैन को जिन जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनमें चूरू, सीकर, झुंझुनू, जयपुर



शहर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, अलवर, डीडवाना-कुचामन, टोंक और श्रीगंगानगर शामिल हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चूरू मोहम्मद अली पठान/ जिला मुख्यालय पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित "संविधान लीडरशिप प्रोग्राम" के तहत चूरू निवासी एडवोकेट सद्दाम हुसैन को राजस्थान के दस जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र के पांचवें स्तंभ के रूप में संवैधानिक मूल्यों पर आधारित डिजिटल नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करना है। संगठन ने इस पहल के माध्यम से युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक करने और उन्हें सक्रिय नेतृत्व के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। एडवोकेट सद्दाम हुसैन को जिन जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनमें चूरू, सीकर, झुंझुनू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, अलवर, डीडवाना-कुचामन, टोंक और श्रीगंगानगर शामिल हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# प्रशासन की आड़ में पत्रकार की आजीविका पर बुलडोजर और झूठे मुकदमों के विरोध में धरने का पांचवां दिन

**मोहम्मद अली पठान**

जयपुर/चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आईएफडब्ल्यूजे संगठन द्वारा पत्रकार की आजिविका पर बुलडोजर और झूठे मुकदमों के विरोध में धरने का आज पांचवां दिन हैं सरकार ने पत्रकारों को पिछले पांच दिनों से सड़कों पर गर्मी, उमस और मच्छरों के बीच बैठने, सोने व रोटी खाने और नहाने धोने के लिए शुलभ काम्प्लेक्स पर निर्भर रहने के



लिए मजबूर कर रखा है। सरकार की इस निष्ठरता को और अपने अपमान को राजस्थान प्रदेश का पत्रकार कभी नहीं भूलेगा...। जल्द ही सरकार ने संतुष्टिप्रद समाधान नहीं निकाला तो उसका हश्र जल्द ही पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा, यह भी तय है।

# मातृ शिशु स्वास्थ्य दिवस, गर्भवती महिलाओं व बच्चों का हुआ टीकाकरण

सवाई माधोपुर। जिले में गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के कार्मिकों और आशा कार्यकर्ताओं ने जिलेभर में निर्धारित स्थलों पर टीकाकरण सत्र आयोजित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं प्रदान कीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन डे) के तहत गर्भवती महिलाओं और बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर प्रसव पूर्व जांच, आवश्यक परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी



गई। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गई तथा पोषण, स्वच्छता और समय पर जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सा दलों ने माताओं को सुरक्षित प्रसव और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े रहने की सलाह दी। साथ ही गर्भवतियों को गर्भ कि पाठशाला सम्बन्धी विडिओ दिखा कर जागरूक किया गया।

# पाली में मुशायरे का आयोजन, अमन-शांति और भाईचारे का संदेश

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। शहर में साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "बज़्म-ए-अदब" के तत्वावधान में एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम "फलाहे मिल्लत एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी, पाली" तथा "राजकीय महावीर जिला पुस्तकालय, पाली" के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में अमन, शांति और भाईचारे का संदेश फैलाना है। "एक शाम अमन-शांति व भाईचारा के नाम" शीर्षक से आयोजित इस मुशायरे में शहर और आसपास के क्षेत्रों के प्रसिद्ध शायर अपनी बेहतरीन रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 11 अप्रैल 2026, शनिवार को रात 8:00 बजे से राजकीय महावीर जिला पुस्तकालय, पुराना बस स्टैंड के पीछे, पाली में किया जाएगा। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कार्यक्रम के संयोजक होंगे। वहीं हारून काशिफ, आमीन गौरी "आज़ाद" और अमजद अल्फाज , सय्यद मकबूल, फरहान, इमरान "इंसान", साजिद राठौड़, प्रोग्राम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस साहित्यिक संध्या का हिस्सा बनने की अपील की है, ताकि समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को और मजबूत किया जा सके।

# हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकलने वाली पदयात्रा का मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान ने किया स्वागत

बांरा (रॉयल पत्रिका) । मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर श्री राम स्टेडियम से बड़ा तक निकलने वाली पदयात्रा का शेख टापरी पर संस्था के संरक्षक कैलाश शर्मा, अध्यक्ष शेख बहादुर अली, हाजी अब्दुल गनी, शैलेन्द्र गोयल शैलू, हाजी लियाकत अली मेव, रितेश शर्मा, मुस्तुफा खान अन्ता, राज कुमार खींची, बुलंद इकबाल छबडा, महेन्द्र खींची, मोहम्मद इकबाल मल्लू भाई, भंवर लाल पोरवाल, ललित गुर्जर पार्षद, रामचन्द्र झाम्ब, धर्मराज मेहरा, संध्या जडेजा, अरबाज खान न्यू स्टार, हेमलता सोन, महेश गुप्ता बजाज, रुस्तम मोहम्मद, शायर रईस फैजी, कुम कुम नागर, सना खान, कपिल खींची, रियाज खान, रईस पठान, रियाज व सैकड़ो लोगों ने पदयात्रा



पर फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया. पूर्व मंत्री अन्ता विधायक प्रमोद जेन भाया, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया सम्मान से गदगद हो गए ओर मौलाना आजाद परिवार के द्वारा किया स्वागत की प्रशंसा की।


# सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# उप निरीक्षक / प्लाटून कमांडर परीक्षा— 2025 के सफल आयोजन हेतु दिया प्रशिक्षण



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिले के चूरू व रतनगढ़ में 05 व 06 अप्रैल को राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा उप निरीक्षक / प्लाटून कंमाडर परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को जिला परिषद सभागार में उप समन्वयक, केद्राधीक्षक, अतिरिक्त केंद्राधीक्षक व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

**05 व 06 अप्रैल को चूरू मुख्यालय व रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर होगी परीक्षा:-**
उप निरीक्षक / प्लाटून कमांडर परीक्षा चूरू जिला मुख्यालय पर 21 तथा रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर 09 परीक्षा केंद्रों पर 05 व 06 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान 05 अप्रैल को प्रत्येक पारी में जिले में 8920 एवं 06 अप्रैल को 8919 परीक्षार्थी भाग लेंगे। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में बताया कि परीक्षार्थी के लिए निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार परीक्षा में परीक्षार्थी को नीले पेन, मूल फोटोयुक्त आईडी, रंगीन फोटो के साथ आधे आस्तीन की शर्ट, पतलून, साड़ी में प्रवेश अनुमत होगा। किसी भी प्रकार के आभूषण अनुमत नहीं होंगे। गहन सुरक्षा प्रवेश द्वार पर हेंड हेल्ड मशीन द्वारा परीक्षार्थी की गहन सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी किशन लाल गहलोनिया ने दोनों सत्र में प्रशिक्षण में संबलन प्रदान किया। इस दौरान मास्टर ट्रैनर प्रमेंद्र शर्मा व संजीव धेतरवाल ने प्रशिक्षण दिया तथा दीपक सिंह, रमीज राजा व विनोद मीणा में प्रशिक्षण में सहयोग किया।

# कृषि महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर के निर्देश पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) द्वारा कृषि महाविद्यालय श्रीगंगानगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान रवि प्रकाश सुथार ने कृषि महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बच्चों के लिए बाल-हितैषी कानूनी सेवाओं की योजना 2024 के बारे में बताया कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों को फौजदारी, दीवानी या प्रशासनिक मामले में कानूनी सहायता को आसान बनाना है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (विकलांग बच्चों सहित) को कानूनी कार्यवाही के दौरान सुलभ, सुरक्षित कानूनी सहायता प्रदान करना है। यह योजना बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उचित प्रतिनिधित्व और उनके सर्वोतम हितों को सुनिश्चित करती है। इसमें यौन अपराधों के पीड़ित, विधि से संघर्षरत बच्चे, तस्कर बाल, बाल विवाह से प्रभावित और बाल कल्याण संस्थाओं में रह रहे बच्चे शामिल हैं। यह योजना बच्चों के संवैधानिक अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों पर आधारित है। शिविर के दौरान एडीजे सुथार ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम, एसिड अटैक, घरेलू हिंसा और शोषण के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी के साथ ही एडीजे द्वारा नालसा व रालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे पीड़ित प्रतिकर स्कीम, एसिड अटैक, हिट एण्ड रन आदि में मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के एल.ए.डी.सी. के चीफ अधिवक्ता रोहताश यादव द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता, एल.ए.डी.सी.एस. की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा पालना गृह के बारे में बताया कि यदि किसी को कभी गली, सड़क या झाड़ियों में कोई नवजात शिशु पड़ा हुआ मिले तो उसे तुरन्त राजकीय चिकित्सालय श्रीगंगानगर या राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में संचालित पालना में छोड़ने का प्रयास करें ताकि किसी नवजात की जिंदगी बचाई जा सके। जागरूकता शिविर में मंच संचालन लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन चलाना द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. कोमल कथूनिया, सहायक प्रोफेसर उद्यान सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# गैस आपूर्ति के संबंध में नवीन दिशा-निर्देश जारी



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान में मध्यपूर्व में चल रहे निरन्तर सघर्ष के कारण अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी एवं आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा गैस आपूर्ति संबंधी नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने रसद विभाग को निर्देश दिए कि अधिकारी अवैध भंडारण, रिफिलिंग और अनियमितता के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें, आम जनता को परेशानी नहीं आने दें। जिले में एलपीजी एवं गैस संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये 181, 112 व 14435 हैल्पलाईन नंबर 24 घंटे संचालित हैं एवं जिला रसद कार्यालय में कण्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके नं. 07462-294515 है। जिले में कहीं भी कृत्रिम संकट, काला बाजारी या जमाखोरी जैसी स्थिति ना पैदा हो इसके लिये प्रभावी कदम उठाये जा रहे है। उन्होंने हैल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित अवधि के बाद रिफिलिंग हेतु आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को बिना विलंब के सेवा मिले। जिला कलक्टर ने निर्देश दिये कि जमाखोरों, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त मॉनिटरिंग करते हुये कड़ी कार्यवाही करें, आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और समस्या का त्वरित समाधान हो। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि एलपीजी बुकिंग के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी नये निर्देशानुसार 14.2 किलोग्राम गैस सिलेंडर अब ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में 45 के स्थान पर 25 दिन में बुकिंग होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में ये बुकिंग अब 45 दिन बाद होगी। 05 किलोग्राम सिलेंडर नॉन उज्ज्वला 09 दिन बाद और उज्ज्वला 16 दिन बाद बुक होंगे। 10 किलोग्राम कम्पोजिट सिलेंडर की बुकिंग 18 दिन बाद होगी। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि 1 अप्रैल, 2026 को जिले में घरेलु गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग, अवैध भण्डारण के विरूद्व जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में प्रवर्तन जांच दल द्वारा कार्यवाही करते हुऐ 18 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।। अवैध भण्डारण स्थल/प्रतिष्ठानों के विरूद्व द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदान और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का उल्लघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुऐ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। घरेलु एलपीजी के अवैध भण्डारण, व्यवसायिक दुरूपयोग तथा अवैध रिफिलिंग के विरूद्व कार्यवाही निरन्तर जारी जिला प्रशासन ने आमजन से अपील है कि गैस सिलेण्डर बुकिंग न होने पर परेशान न हों। जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति निर्बाध/निरन्तर जारी है। उपभोक्ता पैनिक बुकिंग नही करे चूंकि बुकिंग के लिए समयावधि निर्धारित की गयी है तथा अनावश्यक रूप से घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों का भण्डारण ना करें। किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेश व अफवाह पर ध्यान न देवें। घरेलू गैस सिलेण्डर की नियमित आपूर्ति हो रही है।

## राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाडियो का ट्रायल सम्पन्न



पाली । प्रदेश के अलवर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए गुरूवार को जिला स्तरीय ट्रायल हुआ संपन्न हुआ। पाली जिला पावरलिफ्टिंग अध्यक्ष किशन कुमार व सचिव बंशीलाल चौहान के सानिध्य में सिटी क्लब जिम बैनर तले जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग की ओर से 2 बालिकाएं व 9 बालको का चयन सहायक रेफरी सुरेश राणा, गौरव शर्मा के नेतृत्व में हुआ। चयनित प्रतियोगी शुक्रवार को प्रतियोगिता मे भाग लेने रवाना होगें। जिनमे बालिकाएं करिश्मा पवार, हिमांशी कवर, बालक वर्ग मे गोविंद कुमार,यश परिहार, निखिल पवार, श्रवण सिंह, शुभम, अक्षय बंजारा, कुंदन सिंह निखिल देवांकर शामिल होंगे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय, में मनाया गया वार्षिकोत्सव



बूंदी (रॉयल पत्रिका)। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय सीतापुरा, जिला-बूंदी में सत्र 2025-26 के समापन के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा एवं राजेन्द्र कुमार व्यास, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बूंदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसमें पाठ्य सहगामी गतिविधियों, खेलकूद गतिविधि, शैक्षणिक उत्कृष्टता गतिविधि, कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, विद्यालय स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, कक्षा 6 के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी नृत्य, कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा नृत्य, मराठी नृत्य, नुक्कड नाटक, चतुरांग, कवाली, हरियाणवी नृत्य, बाल विवाह पर नाटकीय प्रस्तुति, कालबेलिया नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनराज मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद, इत्यादि गतिविधियों में पूरे विद्यालय एवं बूंदी जिले का नाम रोशन किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद मीना ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर श्रीफल भेट करते हुए स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि जनवि बूंदी के विद्यार्थी अपने बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम चाहे वे विद्यालय स्तर पर हो अथवा जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की गतिविधि हो उसमें भाग लेकर के अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं तथा बूंदी जिले का सिरमौर हमेशा बनाये रखते हैं,उन्होने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को लेकर शुभकामनाएँ दी।

# हाजी रणजीत खां पहाड़ान, झाड़ोद की 82 वें यौम-ए-पैदाइश के मौक़े पर

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका) । इंसानियत एकता सेवा समिति के संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब द्वारा लिखा गया लेख हाजी रणजीत खां (अध्यक्ष - राजस्थान क़ायमखानी शोध संस्थान, जोधपुर) की पैदाइश 01 अप्रेल 1945 को झाड़ोद पट्टी के तारीख़ी और मशहूर गांव झाड़ोद में हुई। आपके वालिद-ए-मोहतरम का नाम रसूल खां था। आपके वालिद-ए-मोहतरम की वफ़ात के वक़्त आपकी उम्र सिर्फ़ और सिर्फ़ पांच साल थी। वालिद की वफ़ात से लेकर सन् 1963 तक आपकी ज़िन्दगी कुछ मुश्किल हालात में रही। हाजी साहब ने सन् 1963 में मैट्रिक की और सन् 1970 में सरकारी मुलाज़िमत में रहते हुये बी.ए. की डिग्री हासिल की। आपने 03 नवम्बर 1963 में 'आबकारी' व 'कर' विभाग में जमादार के ओहदे से अपने करियर की शुरुआत की। 31 मार्च 2003 को ए.सी.टी.ओ. के ओहदे से आप रिटायर हुये । यह बात गौर-तलब है कि हाजी साहब ने जमादार के ओहदे से इंस्पेक्टर के ओहदे तक तरक़्क़ी की, जो आपकी अनथक मेहनत, लगन, कोशिश और मुलाज़िमत के प्रति सही मा'यना में अपने फ़रीज़े को अदा करने का सुबूत और प्रतीक है। हाजी साहब ने रिटायरमेंट के बाद क़ुरआन-ए-मजीद पढ़ना सीखा और सन् 2005 में आपने हज का फ़रीज़ा अदा किया। आप निहायत ही सादा मिज़ाज़ी, साफ़गोई, आ'लाज़र्फ़ी, बुलंद नज़री, बुर्दबारी, दर-गुज़ारी और रौशन ख़याली जैसी आ'ला सिफात के मालिक हैं। आप एक अज़ीम मुदब्बिर, मुस्लेह, दानिशवर, ज़ी-फ़हम, दूर अंदेश, नेक सीरत, ख़ुश-रू, ख़ुश अख़्लाक़, वतन परस्त, क़ौम परस्त और क़ौमी वफ़ादार हैं। आपके दिल में क़ौम का जज़्बा और समाज का दर्द और वतन की मोहब्बत कूट-कूट कर भरी हुई है। आप बालिग़ होते ही क़ौमी ख़िदमात में अपना नुमायां किरदार अदा करने लगे। इन्हीं ख़िदमात के पेश-ए-नज़र आपको सन् 1982 में राजस्थान क़ायमखानी महासभा का सचिव चुना गया। आप राजस्थान



क़ायमखानी महासभा में अपने ओहदे पर रहते हुए समाज के हक़ में अपनी शानदार भूमिका अदा करते रहे । उसके बाद फ़रवरी 2007 में आपने राजस्थान क़ायमखानी शोध संस्थान की बुनियाद में अपना गैर-मामूली और मरकज़ी किरदार अदा किया। आप राजस्थान क़ायमखानी शोध संस्थान में पहले सचिव के ओहदे पर फाइज़ रहे और फ़िलवक़्त आप अध्यक्ष के ओहदे पर फाइज़ हैं। आप संस्था में रहते हुए कई तारीख़ी और बेहतरीन कार-ए-ख़ैर अंजाम दिये। जिनमें क़ायम खां रासा छपवाना, माहाना क़ायमदीप अख़बार शा'ए करना, हर साल होनहार छात्र-छात्राओं और समाजी ख़िदमात में शानदार काम करने वाले क़ायमख़ानियों को नवाज़ना, जैसे नेक काम शामिल हैं। इसके अलावा आपका अपनी ज़िन्दगी के बेश क़ीमती अयाम में हमेशा मस्जिदों, मदरसों, स्कूलों, क़ब्रिस्तानों, सरायों, मुसाफिरख़ानों और दीगर क़ौमी व मज़हबी इदारों और सामाजिक तंज़ीमों में बेहतरीन किरदार रहा है। इसी तरह इल्मी, अदबी, तारीख़ी , तालीमी और मज़हबी मैदान में भी आपकी अहम भूमिका रही है। इस वक़्त आपकी उम्र 81 साल हो चुकी है। मगर कौम की तफ़लाह व बहबूदी, कामयाबी व कामरानी, बेहतरी व बरतरी और तरक़्क़ी व सरबुलंदी के लिये जो आपकी फ़िक्रमंदी है, वह वाक़िई बेमिसाल और क़ाबिल-ए-तारीफ़ है। आपकी इन तमाम-तर ख़िदमात को समाज रहती दुनिया तक याद रखेगा , नीज़ आपकी सभी ख़िदमतें और शाहिकार कारनामें ला-फ़ानी और ला-सानी हैं। आपकी तमाम ख़िदमात को सुनहरे अल्फ़ाज़ में लिखने के काबिल हैं। ख़ुदा के हुज़ूर में मेरी दिली दुआ है कि अल्लाह तआला आपको अच्छी सेहत के साथ लम्बी उम्र अता फ़रमाये और आपको सदा ख़ुश रखे, आबाद रखे और आपको तमाम ख़ुशियों से हम-किनार फ़रमाये,और आप समाज की इसी तरह रहबरी व रहनुमाई फ़रमाते रहें,और आने वाली नस्ल भी आपके नक़्शे क़दम चलती होती रहे। हर्फ़-ए-आख़िर ! मुझे फ़ख़्र है कि दिनांक- 03 नवम्बर 2024 को चूरू में 'राजस्थान क़ायमखानी शोध संस्थान' जोधपुर द्वारा मुन'अक़िद 15 वें क़ायमखानी प्रतिभा सम्मान समारोह में संस्थान का सर्वोच्च ख़िताब 'क़ायम रत्न' आपके हाथों से हासिल होने का मुझे शर्फ़ मिला था।

**हज़ारों साल नर्गिस अपनी**
**बे-नूरी पे रोती है ।**
**बड़ी मुश्किल से होता**
**है,चमन में दीदा-वर पैदा।।**

## पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान:

# भाजपा कार्यकर्ताओं का व्यापक प्रशिक्षण शिविर संपन्न, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर

**शब्बीर हुसैन**



बारां (रॉयल पत्रिका) । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम "पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान" के अंतर्गत बारां शहर एवं देहात मंडल के कार्यकर्ताओं का विस्तृत प्रशिक्षण शिविर तेल फैक्ट्री क्षेत्र स्थित जानकी फोर्ट मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष ओपी पारेता एवं देहात अध्यक्ष अमरदीप केदाहेड़ी ने की। शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, जहां संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी गौरव शर्मा ने कार्य विभाजन एवं कार्यपद्धति पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। विधायक राधेश्याम बैरवा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। पूर्व जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन ने वैचारिक दृष्टिकोण पर मार्गदर्शन देते हुए पार्टी की मूल भावना एवं सिद्धांतों को समझने पर जोर दिया। जिला महामंत्री महावीर सिंह हाड़ा ने संगठन की आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश केरवालिया ने बूथ प्रबंधन की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की कुंजी है। वहीं जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने भाजपा के इतिहास, विकास यात्रा एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी दी। सोशल मीडिया के महत्व को बताते हुए जिला संयोजक रोहित नायक ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहने एवं पार्टी की विचारधारा को प्रभावी रूप से प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिला प्रवक्ता योगेश राजोरा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, कार्यशैली एवं विचारधारा की गहन जानकारी मिल सके और वे अधिक प्रभावी ढंग से जनता के बीच कार्य कर सकें। शिविर में जिला महामंत्री राकेश जैन, प्रधान मोरपाल सुमन, भाजपा नेता संजय झाम्ब, ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक द्वारका प्रसाद प्रजापति सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर महामंत्री योगेश गोढ़ ने किया। इस दौरान देहात महामंत्री सत्यनारायण शर्मा, श्रीराम मालव, रविंद्र डागर, शहर महामंत्री मयंक तिवारी, विद्यारतन जयंत सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# प्रवेश उत्सव जागरूकता रैली निकालकर दिया शिक्षा का सन्देश



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुतलपुरा जाटान में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रवेश उत्सव के तहत शिक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्रधानाचार्य सुमिता वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्काउट सचिव महेश सेजवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है। शिक्षकों ने घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमिता वर्मा एवं उप-प्रधानाचार्य अरविन्द गुप्ता ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। रैली के दौरान विद्यालय स्टाफ, स्कूली विद्यार्थियों तथा स्काउट-गाइड के बच्चों ने कॉलोनी वासियों को अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर लेकर और जोशीले नारों के माध्यम से शिक्षा का महत्व जन-जन तक पहुँचाया। साथ ही, बच्चों द्वारा शिक्षा जागरूकता एवं प्रवेश उत्सव विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को भावनात्मक रूप से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, एसडीएमसी सदस्य, स्काउट-गाइड एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महवा में दिखा भक्ति और शक्ति का संगम, हनुमान जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा

## -कोटा के आए छोटे-छोटे बच्चों ने मलखंभ प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनमोहा

**शफीक अली**



महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड मुख्यालय के पुरानी तहसील रोड स्थित प्राचीन कुबडी वाले हनुमान जी के मंदिर पर गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान हनुमान जी प्रतिमा को पुष्पों सजाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस दौरान भक्ति और उल्लासउड़ती झांकियों, बानर सेना और कोटा से आए छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मलखंभ प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया इसे देखने वालों जनसैलाब उमर गया। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय रंग में रंग दिया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जिससे महुवा की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण हनुमान जी की उड़ती हुई अदृत झांकियां रहीं, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही भोले बाबा की झांकी, बानर सेना की जीवंत प्रस्तुतियां और कोटा से आए छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मलखंभ के रोमांचक प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए करतबों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक भव्य एवं आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जो धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत चित्रण कर रही थीं। शोभायात्रा के दौरान पूरे मार्ग में "जय श्री राम" और "बजरंगबली की जय" के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और जगह-जगह जलपान व प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। इस आयोजन ने महुवा में आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का अनूठा संदेश प्रस्तुत किया। कुबडी वाले हनुमान जी मंदिर के पुजारी राजा राम ब्रह्मचारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुबडीवाले हनुमान जी के मंदिर से विशाल शोभायात्रा दर्जनो और जीवंत झांकियां के साथ से विशाल हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा महुवा के पुरानी तहसील रोड, गुर्जर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, पाराशर मोहल्ला, हिंडौन रोड, थाने के सामने सब्जी मंडी, सर्राफा बाजार, गणेश चौक, मुख्य बाजार, होते हुए वापस हनुमान जीमंदिर पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा का महुवा के अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर जलपान कराकर

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटखेड़ा का शानदार परिणाम, छात्राओं ने लहराया परचम



बूँदी (रॉयल पत्रिका)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटखेड़ा में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने शानदार परिणाम देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा में कुमकुम चारण ने 88.0% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि खुशप्रीत कौर (87.60%) एवं राधिका गुर्जर (85.0%) ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से कुमकुम चारण ने भूगोल विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय का 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार 100 प्रतिशत रहा है, जो विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी ग्रामवासियों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में कराने की अपील की। कार्यक्रम में सीताराम जांगिड, पिंकी मीणा, गायत्री नागरानी, रमेश चंद दूबे, ब्रजेश्वर सिंह, रवि गौतम, नंदकिशोर बैरागी एवं सुनील मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।



## अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# कुब्रा

## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

हॉलीवुड मसाला



## जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।




## तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



## मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



## मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

टीवी मसाला



## नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

### सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत

**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो



अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

## 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।


### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

## रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही है,*



*जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*

### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

# अय्यर ने भुगता स्लो ओवर रेट का खमियाजा, आईपीएल ने पंजाब किंग्स पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। हालांकि, जीत के बाद पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। आईपीएल ने स्लो ओवर रेट के चलते आचार संहिता के तहत श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओवर-रेट को लेकर आईपीएल 2026 में यह उनकी टीम का पहला उल्लंघन था।

## अनुच्छेद 2.22 के तहत लगाया गया जुर्माना

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखा। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स का पहला अपराध (न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित) है, इसलिए उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

## अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर

आईपीएल 2026 में चौथे मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है। गुजरात टाइटंस को हराने के बाद भी पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स आखिरी पायदान पर है। टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। टॉप-5 गेंदबाजों में जैकब डफी पहले नंबर पर हैं।

## अय्यर की कलाई पर लगी चोट, कहा- कोई अपशगुन नहीं करना चाहता



आईपीएल में 31 मार्च की रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की कलाई पर उनके ही साथी बल्लेबाज कूपर कोनोली का शॉट सीधे जाकर लगा। जब फिजियो उनकी जांच कर रहे थे, तब वह काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ठीक अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी कलाई वैसी ही है जैसी पहले थी और वह किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहते थे। चोट के बारे में पूछे जाने पर श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह ठीक है। यह वैसी ही है जैसी पहले थी। मैं किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहता। मैं बस सकारात्मक रहना चाहता हूं और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।


### कूपर का खेल अविश्वसनीय

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली के प्रदर्शन पर कहा, 'उसने जो शॉट्स खेले, उनमें से कुछ को देखना किसी सपने जैसा था। यह अविश्वसनीय था। आईपीएल के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक राशिद खान की गेंद पर बैकफुट पर जाकर इतनी सफाई और खूबसूरती से छक्का मारना, यह सचमुच जबरदस्त था।

### मैं कलाई पर बर्फ लगा रहा था : श्रेयस

श्रेयस अय्यर ने 18 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने कहा कि जब पंजाब किंग्स के अचानक तीन विकेट (निहाल वढेरा, शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस) गिर गए उस दौरान वह अंदर अपने हाथ पर बर्फ लगा रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, सच कहूं तो मेरा ध्यान अंदर अपने हाथ पर था, मैं उस पर बर्फ लगा रहा था और तभी अचानक हमने एक के बाद एक दो विकेट गंवा दिए। आईपीएल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। श्रेयस अय्यर ने कहा, ...और ऐसी स्थितियों में आपको शांत और संयमित रहना होता है, इसलिए संदेश बहुत सीधा-सा था। बस खेल को आखिर तक ले जाओ और कूपर वहां मौजूद था। वह पूरी तरह से जम चुका था। एक खिलाड़ी के तौर पर उसकी समझ बहुत अच्छी है। मैंने उसे पहले भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते देखा है। उसकी सोच बहुत बढ़िया है। उम्मीद है कि वह इसी फॉर्म को जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में मेस्सी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

### लेवांडोवस्की ने दिए संन्यास के संकेत



**स्टाकहोम।** पोलैंड के विश्व कप में जगह नहीं बना पाने के बाद उसके स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दिए। स्वीडन ने प्लेआफ फाइनल में पोलैंड को 3-2 से हराया। इसके बाद लेवांडोवस्की ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ में कप्तान का आर्मबैंड है और पीछे 'टाइम टू से गुडबाय' गाना बज रहा है। बार्सीलोना के इस स्ट्राइकर ने सीधे संन्यास को लेकर कुछ नहीं कहा कि पहले भी वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दे चुके हैं। पिछले साल टीम के तत्कालीन कोच से मतभेदों के बाद भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ने की धमकी दी थी, जिसके बाद कोच ने इस्तीफा दे दिया था। पोलैंड के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले लेवांडोवस्की 165 मैचों में 89 गोल कर चुके हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी : क्वार्टर फाइनल में विश्वनाथ, सचिन



**उलानबटोर।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5-0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैंपियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

## लखनऊ सुपर जायंट्स 18.4 ओवरों में 141 रन पर सिमटी

# 26 रन पर गिरे 4 विकेट, रिजवी-स्टब्स ने किया चमत्कार, दिल्ली 6 विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और नटराजन की तूफानी गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरकर छह विकेट की जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। सुपर जाइंट्स के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रिजवी की 47 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 70 रन की पारी और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 39, 32 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 110 रन की अटूट साझेदारी से 26 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के पांचवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 18.4 ओवरों में 141 रन पर सिमट गई। यह आईपीएल इतिहास में एलएसजी का पहली पारी में न्यूनतम स्कोर रहा।

■ समीर रिजवी ने 47 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेली



### शमी के नाम बड़ा रिकॉर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। शमी 5 बार आईपीएल पारी की पहली गेंद पर विकेट हासिल करने वाले इकलौते गेंदबाज बन गए हैं। शमी ने केएल राहुल को शिकार बनाया। शमी ने फुल लैंथ पर गेंद पटकी, जो थोड़ी बाहर की तरफ निकली। राहुल ने बड़े शॉट का मौका देखा और हाथ चलाए। लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में गई और वहां खड़े मोहसिन खान ने बड़े आराम से कैच लपक लिया। मोहम्मद शमी ने पांचवीं बार आईपीएल में पारी की पहली गेंद पर विकेट लिया। उनके अलावा कोई गेंदबाज इतनी बार ऐसा कमाल नहीं कर पाया है। शमी के बाद इस लिस्ट में सात गेंदबाज आते हैं और इन सबने तीन-तीन बार पारी की पहली गेंद पर विकेट चटकाया है। इनमें प्रवीण कुमार, उमेश यादव, ट्रेंट बोल्ट, लसित मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार, अशोक डिंडा और पैट कमिंस के नाम आते हैं।

### एनगिडी और नटराजन की धारदार गेंदबाजी

सुपर जाइंटस की टीम इससे पहले तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और टी नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया।

### स्कोर बोर्ड


| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 | 28 | 2 | 3 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 | 9 | 0 | 1 |
| मार्करम बो अक्षर | 11 | 8 | 1 | 1 |
| बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 | 3 | 0 | 0 |
| पूरन बो एनगिडी | 08 | 8 | 1 | 0 |
| समद का मिलर बो नटराजन | 36 | 25 | 3 | 1 |
| चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 | 11 | 2 | 0 |
| अहमद नाबाद | 15 | 16 | 0 | 1 |
| शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| मोहसिन का मुकेश बो एनगिडी | 00 | 1 | 0 | 0 |


अतिरिक्त: 14, कुल:18.4 ओवर में 141/10 रन
गेंदबाजी: मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विप्राज 1-0-8-0

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का मोहसिन बो शमी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| निसांका का पंत बो प्रिंस | 01 | 5 | 0 | 0 |
| राणा का समद बो मोहसिन | 15 | 17 | 2 | 1 |
| समीर रिजवी नाबाद | 70 | 47 | 5 | 4 |
| अक्षर पटेल बो प्रिंस | 00 | 1 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 39 | 32 | 3 | 1 |

अतिरिक्त: 20, कुल:17.1 ओवर में चार विकेट पर: 145 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-28-1, प्रिंस 3-0-20-2, मोहसिन 4-1-19-1, नोर्किया 4-0-39-1, शाहबाज 1-0-16-0, मारक्रम 1-0-13-0, समद 0.1-0-6-0

# बड़ा मुकाबला आज, जीत की तलाश में सनराइजर्स और नाइट राइडर्स





एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के गुरुवार को होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है।

### ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपए में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई, जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था, जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा। ग्रीन ने पहले मैच में 10 गेंद पर 18 रन बनाए।

### सनराइजर्स का गेंदबाजी कमजोर

सनराइजर्स भी इसी तरह की स्थिति में हैं, क्योंकि उसने अपने अभियान की शुरुआत मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ की थी। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और ट्रैविस हेड जैसे धाकड़ बल्लेबाज शामिल हैं। लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है।

## विमेंस वनडे

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, सबसे बड़ा रनचेज, टीम इंडिया का रिकॉर्ड ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| बेसिन रिजर्व



धमाकेदार फॉर्म में चल रही कप्तान अमेलिया केर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहाड़ जैसे लक्ष्य को हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला। न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व में खेले गए दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दिए 347 रन के बड़े लक्ष्य को दो विकेट से हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह महिला वनडे इतिहास में हासिल किया गया अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले साल भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रन को हासिल करते हुए ये रिकॉर्ड बनाया था। इस मैच में कुल 696 रन बने। पहले साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए और फिर न्यूजीलैंड ने 350 रन बना डाले।

### केर ने खेली नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी

केर ने सिर्फ 139 गेंद में नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी खेली। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के 346/6 के विशाल स्कोर को दो गेंद बाकी रहते पार कर लिया। सुजी बेट्स के जल्दी आउट होने के बाद केर क्रीज पर आईं और पूरी पारी के दौरान रन रेट को नियंत्रण में रखा। इस दौरान उन्हें जॉर्जिया प्लिमर (23) के साथ 52 रन की साझेदारी और बाद में इसाबेला गेज (68) का साथ मिला। गेज और केर ने मिलकर 120 रन की अहम साझेदारी की, जिसने मिडिल ओवर्स में टीम को संभाला। गेज ने 48 गेंद में 68 रन की तेज पारी खेली। इससे दबाव दक्षिण अफ्रीका पर आ गया। न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवरों में लगातार विकेट गंवाए, लेकिन केर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को संभालते हुए टीम को जीत की ओर ले गईं। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे। केर ने नादिन डी क्लार्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर मैच खत्म किया और दो गेंद शेष रहते ऐतिहासिक जीत दिलाई।

# टीम इंडिया जुलाई में करेगी जिम्बाब्वे का दौरा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन भारत इस साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि भारतीय पुरुष टीम 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे की टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह भारत और जिम्बाब्वे के बीच 2026-27 सत्र के लिए निर्धारित की गई दो द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में से पहली श्रृंखला होगी। जिम्बाब्वे अगले साल के शुरू में तीन वनडे मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा। यह मैच तीन, छह और नौ जनवरी को क्रमशः कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले महीने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता था। इससे पहले भारत 2024 और 2007 में भी टी20 विश्व कप जीत चुका है। भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां उसने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 4-1 से जीती थी।

# 40 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप में इराक रोमांचक मैच में बोलीविया को हराया

एजेंसी ▶▶| मोंटेरे



इराक ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन का 40 साल पुराना इंतजार खत्म कर दिया है। इराक ने बुधवार को मोंटेरे स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर के आखिरी मैच में बोलीविया के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की।

बोलीविया के खिलाफ इराक ने मुकाबले के 10वें मिनट में ही 1-0 से बढ़त बना ली थी। ल्यूटन टाउन के स्ट्राइकर आमिर अल अम्मारी ने एक कॉर्नर से अल हमादी को गेंद दी, जिन्होंने अपने हेडर से गोलकीपर को छकाते हुए गोल कर दिया। हालांकि, बोलीविया ने दबाव के आगे घुटने नहीं टेके और 38वें मिनट में जोरदार वापसी की। रामिरो वाका के डिफेंस को चीरते हुए पास के बाद मोइसेस पनियागुआ ने 12 गज की दूरी से एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इराक के हुसैन ने 53वें मिनट में अपनी टीम की बढ़त फिर से कायम कर दी, उन्होंने अपनी दौड़ का समय एकदम सही रखा और मार्को फरजी के क्रॉस को आठ गज की दूरी से एक लो फर्स्ट-टाइम वॉली के साथ गोल में बदल दिया। बोलीविया ने मैच के तनावपूर्ण अंत में देर से गोल करने के लिए जोर लगाया, लेकिन इराक ने मजबूती से बचाव किया और वर्ल्ड कप में स्थान बना लिया।

## विश्व कप फुटबॉल : बोस्निया से पेनल्टी शूटआउट में हारा इटली

# इटली लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूका

एजेंसी ▶▶| जेनिका

फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी।

उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी, जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।



### 2014 के बाद विश्व कप में पहुंचा बोस्निया

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनजोला ने कहा,'हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।' इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा।

# सरदार एच.एस. फूलका भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए

नई दिल्ली

वरिष्ठ अधिवक्ता तथा पंजाब के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरदार एच. एस. फूलका बुधवार को अपने समर्थकों के साथ नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर मंच पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, पंजाब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड, पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं लोक सभा सांसद अनिल बलूनी एवं भाजपा प्रवक्ता सरदार आर. पी. सिंह उपस्थित थे। हरदीप सिंह पुरी ने फूलका को भाजपा परिवार की सदस्यता पर्ची देकर एवं भाजपा की पट्टिका पहना कर उनका विधिवत भाजपा परिवार में स्वागत किया। मीडिया को संबोधित करते हुए एच.एस. फूलका ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को धन्यवाद दिया।



इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि हरविंदर सिंह फूलका का आज हम सब भाजपा परिवार में स्वागत कर रहे हैं। फूलका लंबे समय से मानवाधिकार से जुड़े मामलों में पीड़ितों का पक्ष रखते आये हैं। जब 1984 में सिखों का कत्लेआम हुआ, उस समय केवल भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी थे जिसने सड़क से लेकर संसद तक, इस जघन्य हत्याकांड के खिलाफ अटल बिहारी वाजपेयी और मदन लाल खुराना के नेतृत्व में आवाज उठाई। उस समय सरदार फूलका आगे आए और 1984 सिख नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाने के लिए संघर्ष शुरू किया। इस दौरान उन्होंने 70 से अधिक मामलों में कुल 250 से अधिक अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1993 में जब दिल्ली में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, तब मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने सरदार फूलका को अपना सलाहकार नियुक्त किया था, जिसके बाद सिख हिंसा मामले में न्याय की प्रक्रिया को गति मिली। इसी दौर में दिल्ली में पंजाबी भाषा को मान्यता मिली और पंजाबी समाज से जुड़े कई मुद्दों का समाधान हुआ। सरदार फूलका का अनुभव और संघर्ष समाज के लिए प्रेरणा बनेगा और न्याय के इस अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरदार फूलका, केवल भारत के सिख समाज में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में एक परिचित नाम हैं। 1984 में जो घटनाएं हुईं, उन्हें दंगे कहना उचित नहीं है। वह एक नरसंहार था, वह एकतरफा और योजनाबद्ध तरीके से निर्दोष लोगों की हत्या थी, जिसमें हजारों निर्दोषों की जान गई। सरदार फूलका ने स्वयं को एक उद्देश्य के साथ जोड़ा और बिना किसी स्वार्थ के उन पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए अनेक लड़ाइयां लड़ी हैं।

सरकार फूलका एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता भी हैं और साथ ही उन्होंने एक बाल अधिकार कार्यकर्ता के रूप में भी कई बड़े काम किये हैं। उनके भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

---


### पश्चिम एशिया संकट और उससे निपटने के उपायों पर की गई व्यापक चर्चा

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक

**सभी विभागों, मंत्रालयों को पीएम का निर्देश, आम जनता और उद्योगों को इस चुनौती से बचाए रखने के लिए उठाएं सभी जरूरी कदम**

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें मौजूदा चुनौती और उससे निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा तमाम उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई है।



बीते 28 फरवरी को अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हुए युद्ध की शुरुआत के बाद पीएम की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की यह दूसरी बैठक थी। जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कोयला मंत्री पी. जोशी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, रसायन-उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा, नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू, एनएसए सहित केंद्र के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पीएम ने सभी विभागों, मंत्रालयों को देश की आम जनता और संकट से प्रभावित होने वाले उद्योगों को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि इस बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री के असम दौरे से लौटने के बाद उनके आधिकारिक निवास स्थान पर किया गया था। प्रधानमंत्री ने हालत की समीक्षा करने के लिए पिछले सप्ताह भी सीसीएस की एक बैठक की थी।

### हालात पर दी गई व्यापक प्रस्तुति

*सूत्रों ने बताया कि बैठक में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को वैश्विक परिस्थितियों को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी और उसके अलावा अब तक मामले के संबंध में उठाए गए सभी अहम सरकारी कदमों के बारे में भी बताया। जिसमें पेट्रोलियम उत्पादों (पेट्रोल, डीजल और एलपीजी), ऊर्जा की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता को बनाए रखने और युद्ध को ध्यान में रखते हुए अन्य देशों से जारी इन उत्पादों की खरीद का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा संकट को देखते हुए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा उठाए जाने वाले भावी कदमों के बारे में भी पीएम को अवगत कराया गया।*

---

### रक्षा मंत्रालय ने 2025-26 के लिए 1.86 लाख करोड़ के पूंजीगत बजट का किया पूर्ण उपयोग

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने उप सेनाप्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को देश के नए उप-सेनाप्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे हैं और उन्हें सेना में रणनीतिक से लेकर प्रशासनिक स्तर का कुल करीब चार दशक लंबा अनुभव है।



रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल सेठ दिसंबर 1986 में बल की आर्मर्ड कोर में कमीशन हुए थे। समय बीतने के साथ-साथ उन्हें सेना के विभिन्न स्थलों पर तैनाती का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। जिसमें आतंकवाद से मुकाबले का विषय भी शामिल है। उप-सेनाप्रमुख के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले लेफ्टिनेंट जनरल सेठ सेना की पुणे मुख्यालय स्थित दक्षिण कमांड के प्रमुख (जीओसी-इन-सी) के रूप में कार्य कर रहे थे।

### पूंजीगत बजट का किया पूरा उपयोग

उधर, रक्षा मंत्रालय ने एक अन्य जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय ने वित्त वर्ष-2025-26 के लिए सरकार द्वारा आवंटित किए गए 1.86 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत बजट का पूरा उपयोग किया है। जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के समान ही है। पूंजीगत व्यय के लिए मूल आवंटन 1.80 लाख करोड़ रुपये था। जिसे वित्त मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय द्वारा पहली दो तिमाहियों प्राप्त की गई व्यय की गति को देखते हुए, ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाओं के आधुनिकीकरण और अन्य उद्देश्यों के लिए बढ़ी हुई आवश्यकताओं के मद्देनजर और बढ़ा दिया गया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रक्षा मंत्रालय नागरिक पेंशन के साथ ही रक्षा बजट का कुल उपयोग मंत्रालय को किए गए अंतिम आवंटन की तुलना में 99.62% रहा है।

### गांदरबल में चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया, ऑपरेशन जारी

*श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सेना ने मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया है। सेना ने बताया कि 31 मार्च की रात को रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया गया। इसके बाद सेना ने सुनियोजित जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रभावी ढंग से एक आतंकवादी को मार गिराया है। ऑपरेशन अभी जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर के अनुसार, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के जनरल अरहामा क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और भारतीय सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। रातभर चले मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है।*

---

### भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव की व्हाइट हाउस को चेतावनी

## भारतीय तेल बाजार पर यूएस का दबाव मंजूर नहीं, भारत की विदेश नीति स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के तेल बाजार को लेकर अमेरिका के दबाव के आरोपों पर रूस ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने कड़े शब्दों में कहा है कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी तरह के अमेरिकी दबाव को पूरी तरह खारिज करता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम है। डेनिस अलिपोव ने कहा कि अमेरिका की ओर से भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिशें वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से बिल्कुल सही नहीं हैं।

### मॉस्को और नई दिल्ली के संबंध मजबूत हो रहे



डेनिस अलिपोव

*रूस के राजदूत ने कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि हाल के समय में भारत ने रूस से तेल आयात काफी बढ़ा दिया है। हम दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में भारत को रूस से तेल की आपूर्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है। हम इस दिशा में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ हो।*

### ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव

*राजदूत ने कहा कि मौजूदा हालात में ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उन्होंने इसे 'अमेरिकी ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी' का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के बीच ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिका-ईरान के बीच सैन्य कार्रवाई को रोकने और विरोधाभासों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को राजनयिक वार्ता शुरू करने की दिशा में अधिक प्रयास करने चाहिए।*

---

### एनएसए डोभाल, वित्त मंत्री सीतारमण और विदेश मंत्री जयशंकर से होगी मुलाकात

## आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री मंटुरोव

नई दिल्ली

यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध और पश्चिम-एशिया के जटिल हालातों के बीच रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव गुरुवार से भारत की दो दिवसीय (2 से 3 अप्रैल तक) यात्रा पर रहेंगे। जिसके तहत 2 अप्रैल की दोपहर तीन बजे उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ मुलाकात होगी। इसके बाद चार बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रात करीब सात बजे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री मुलाकात करेंगे। मंटुरोव की यह तीनों बैठकें क्रमशः सेवातीर्थ (3), संसद भवन और हैदराबाद हाउस में आयोजित की जाएंगी। इसके अगले दिन शुक्रवार को उनकी यह भारत यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह रूस रवाना हो जाएंगे।

---

## देश में 'जनगणना 2027' की शुरुआत, पहली बार डिजिटल और सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा

**राष्ट्रपति मुर्मु ने सेल्फ-एन्यूमरेशन के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर शुभारंभ किया**

नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया जनगणना 2027 का बुधवार को औपचारिक शुभारंभ हो गया है। केंद्र सरकार ने इसके पहले चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस की शुरुआत कर दी है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है। पहली बार इसमें डिजिटल डेटा कैप्चर और सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्व-गणना) की सुविधा दी गई है। परंपरा के अनुसार इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत देश के प्रथम नागरिक से हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वयं ऑनलाइन सेल्फ-एन्यूमरेशन के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर इस प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑनलाइन फॉर्म भरकर भागीदारी सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि वे स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल के जरिए अपनी जानकारी दर्ज करते हुए इस राष्ट्रीय अभियान में जनभागीदारी के महत्व को रेखांकित किया।



### पहले चरण में 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में शुरुआत

*सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा फिलहाल आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों— अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट क्षेत्र— में शुरू की गई है। पहले ही दिन करीब 55 हजार परिवारों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। इन क्षेत्रों में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस का कार्य 16 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा।*

### क्या है सेल्फ-एन्यूमरेशन?

*यह एक सुरक्षित वेब-आधारित सुविधा है, जिसमें नागरिक 16 क्षेत्रीय भाषाओं में अपने घर से ही ऑनलाइन जानकारी भर सकते हैं। इसके लिए सरकार के सेंसस पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन किया जा सकता है। फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी जारी होगी, जिसे बाद में गणनाकर्मी के साथ साझा करना होगा। हालांकि, पहले की तरह गणनाकर्मी घर-घर जाकर जानकारी भी एकत्र करेंगे, लेकिन सेल्फ-एन्यूमरेशन एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में उपलब्ध है।*

### 33 सवालों के जरिए जुटेगी अहम जानकारी

*पहले चरण में कुल 33 प्रश्नों के माध्यम से आवास की स्थिति, सुविधाओं और संपत्तियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। यह डेटा भविष्य की नीतियों, योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार करेगा।*

### पूरे देश में छह महीने तक चलेगा अभियान

*हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस का कार्य 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में किया जाएगा। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश को 30 दिन की अवधि में यह कार्य पूरा करना होगा। इसके पहले 15 दिन का अतिरिक्त समय सेल्फ-एन्यूमरेशन के लिए दिया जाएगा।*

### डेटा पूरी तरह सुरक्षित

*सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्रित सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेटा सुरक्षा के लिए उन्नत एनक्रिप्शन और मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग किया जा रहा है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।*




मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com